e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17/सर्वे (प्रशिक्षण)–58/2018 (Part-III)......2479

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय/लखीसराय/खगड़िया/जहानाबाद/
बांका/जमुई/मुंगेर/सीतामढ़ी/शिवहर/
नालंदा/सुपौल/मधेपुरा/किशनगंज/पूर्णियाँ/
कटिहार/नवादा/गया
प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त ,
पटना/रोहतास (सासाराम)/भोजपुर/बक्सर/
दरभंगा/समस्तीपुर/मधुबनी/सारण/गोपालगंज/
मुजफ्फरपुर/वैशाली/ पूर्वी चम्पारण/ भागलपुर
सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0),
अररिया/पश्चिमी चम्पारण/सहरसा/सिवान/
कैमूर (भभूआ)/औरंगाबाद/

पटना, दिनांक :10/06/2024

विषय :– नवनियोजित होने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान से संबंधित ऑनलाईन प्रशिक्षण के संबंध में।

महाशय,

आप अवगत है कि राज्य के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने हेतु 10101 विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की नियोजन के पश्चात् नियुक्ति तथा योगदान संबंधी कार्य प्रक्रियाधीन है। इस आलोक में नवनियोजित कर्मियों को जिला आवंटित करते हुए नियुक्ति पत्र निर्गत करने का कार्य निदेशालय स्तर से किया जा रहा है। नवनियोजित होने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा जिला स्तर पर योगदान दिया जाएगा। योगदान की प्रक्रिया अंतर्गत सभी कर्मियों से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं डाटा जिलों को उपलब्ध कराने के उपरांत जिला स्तर पर कर्मियों का योगदान स्वीकृत किया जाएगा।

नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की जिलास्तरीय योगदान स्वीकृत करने की प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण प्रत्येक जिले के दो–दो कम्प्यूटर ऑपरेटरों का ऑनलाईन माध्यम से निम्न कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा–

क्र0 स0	जिला का नाम	तिथि	समय
1	जहानाबाद, जमुई, बांका, गया, नवादा, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, बक्सर एवं औरंगाबाद	12.06.2024	पूर्वा0 11:00 से अप0 12:00
2	शिवहर, सीतामढ़ी, प0 चम्पारण, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, वैशाली एवं पूर्वी चम्पारण।	12.06.2024	अप0 12:00 से अप0 01:00
3	बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, किशनगंज, समस्तीपुर एवं दरभंगा	12.06.2024	अप0 02:00 से अप0 03:00
4	पटना, मुंगेर, मधुबनी, लखीसराय, नालंदा, सारण, सीवान, गोपालगंज	12.06.2024	अप0 03:00 से अप0 04:00

उक्त निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर पदस्थापित कम्प्यूटर ऑपरेटर को ससमय कम्प्यूटर/लैपटॉप के साथ प्रशिक्षण के लिए निर्धारित समय पर ऑनलाईन उपलब्ध रहेंगे एवं प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व इंटरनेट की उपलब्धता को सुनिश्चित करेंगे।

प्रशिक्षण का कार्य श्री किशोर कुणाल एवं श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा दिया जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में अपने–अपने जिलों में पदस्थापित कम्प्यूटर ऑपरेटरों को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामित करते हुए ससमय प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु निदेशित करना सुनिश्चित की जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 10/6/24
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17/सर्वे (प्रशिक्षण)–58/2018 (Part-III) 2479 पटना, दिनांक: 10/06/2024

प्रतिलिपि : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 10/6/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17/सर्वे (प्रशिक्षण)–58/2018 (Part-III) 2479 पटना, दिनांक: 10/06/2024

प्रतिलिपि : श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 10/6/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17/सर्वे (प्रशिक्षण)–58/2018 (Part-III) 2479 पटना, दिनांक: 10/06/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 10/6/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17/सर्वे (प्रशिक्षण)–58/2018 (Part-III) 2479 पटना, दिनांक: 10/06/2024

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, 10/6/24
भू–अभिलेख एव परिमाप